हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 चिकित्सा शिविर में कैंसर सहित विभिन्न रोगों की...



13 धनोरा में पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



खबर संक्षेप

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मिले नरेश यदु



गुण्डरदेही। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के उपाध्यक्ष नरेश यदु ने बीते दिनों मध्यप्रदेश में हुए एक सड़क हादसे में घायल हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से रायपुर पहुंचने पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता भी उपस्थित थे।

एसिड अटैक की घटना की सर्व आदिवासी समाज ने की निंदा

बालोद/कलंगपुर। बालोद में हुई एसिड अटैक से पीड़ित युवती को हुई शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान एक जघन्य घटना अत्यंत ही पीड़ादायक व चिंताजनक है। समाज और न्याय व्यवस्था के लिए गंभीर चिन्ता की विषय है। छग सर्व आदिवासी समाज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडनातमक कार्यवाही की जाए ताकि पीड़ित बच्ची को शीघ्र न्याय मिले ताकि समाज में कानून के प्रति विश्वास और मजबूत हो और एसिड अटैक की घटना पर छग सर्व आदिवासी समाज दुख व्यक्त करती है।

आज जिला स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह

गुण्डरदेही। छग सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन बालोद व शिक्षक वाट्सअप ग्रुप के तत्वावधान में जिला स्तरीय शिक्षक, प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 9 अक्टूबर शुक्रवार को तहसील साहू सदन गुण्डरदेही में आयोजित किया जाएगा। जिसमें बालोद जिले के सैकड़ों शिक्षक भाग लेंगे। छग सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र हरमुख ने बताया कि यह जिला स्तरीय शिक्षक, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का द्वितीय वर्ष है जिसका आयोजन नव सृजन नाम से 2024 में भी आयोजन किया गया था इस बार नव सृजन 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिले के प्रतिभाशाली शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा साथ ही साथ इस कार्यक्रम में हर विकासखण्ड से सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता,गीत, नृत्य शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम मे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही श्रद्धा ठाकुर, वरिष्ठ प्रशासनिक प्रबंधक गवेश चंद्राकर, विकास अधिकारी एलआईसी दुर्ग शैलेन्द्र चौबे, अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही मानसिंह सार्वा, अर्जुन सिंह तारम उपस्थित रहेगे।

आकाशीय बिजली से एक की मौत, एक गंभीर

भिलाई। पुलगांव थाना क्षेत्र के महेश कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बुधवार शाम तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

कंकालीन मंदिर जाने वाले मार्ग पर बिखरी गिट्टियां, नवरात्रि में श्रद्धालुओं की बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कंकालीन मंदिर में क्वार नवरात्रि में आस्था के ज्योत जलाए जाएंगे। नवरात्रि में देश का पहला देव दशहरा मनाया जाता है, जिसे देखने आस पास सहित दूर दराज के श्रद्धालु पहुंचते हैं किंतु नवरात्रि में श्रद्धालुओं को इस वर्ष खराब मार्ग से होकर गुजरना पड़ेगा जिससे कि श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ेगी।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अंतर्गत सांकरा से बड़भूम एवं गुरुर तक की सड़क का बुरा हाल है। निर्माणाधीन सड़क मे गिट्टी डालकर छोड़ देने से दो दिनो के बारिश में डस्ट पूरी तरह धूल जाने से गिट्टियां बाहर आ जाने के कारण केवल गिट्टी ही नजर आ रहा है। इसी मार्ग से ग्रामीणों एवं शासकीय कर्मचारियों का आना जाना लगा हुआ है। गिट्टियां बाहर आने से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्राम बड़भूम निवासी शिवम कुरैटी, जैल सिह उइके, जीवन उइके, रिमेंन्द्र कुंजाम ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना अंतर्गत सियादेही जाने के रास्ते से लेकर हितेकसा जाने के रास्ते तक गिट्टी डालकर छोड़ देने से आवागमन में परेशानी हो रही है। स्कूल के बच्चों को पैदल तो दूर साइकिल से चलने मे काफी मुशीबतों का सामना करना पड़ता है। समय पर स्कूल नही पहुंच पा रहे है। गिट्टियां बाहर आने से चार पहिया वाहन गुजरने से धूल एवं गिट्टि के टुकडे से राहगीरों को परेशानी ▶▶| शेष पेज 12 पर

सांकरा-बड़भूम-गुरूर सड़क का काम अधूरा, बारिश में डस्ट बहने से गिट्टियां आईं बाहर



धनेली-अरमरीकला मुख्य मार्ग जर्जर, जगह-जगह गड्ढों से राहगीर परेशान



गुरूर। धनेली से अरमरीकला मुख्य मार्ग की हालत जर्जर हो गई है, जहां जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं, तो वही गढ्ढो से गिट्टी बाहर आ गए हैं जिससे कि मार्ग में आवागमन करने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढे होने के चलते वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आपको बता दे की इसी मार्ग से होकर जेवरतला, डांडेसरा, मोहारा अलमरीकला के ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय आते हैं, जिन्हें आय दिन सड़कों ▶▶| शेष पेज 12 पर

मांग : धान का समर्थन मूल्य 3358 रुपए करने और लंबित 1700 करोड़ जारी करने की मांग

किसानों की मांगों को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

किसानों की विभिन्न समस्याओं और लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण को लेकर भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने किसानों से जुड़े सिंचाई, कृषि संसाधन, गन्ना भुगतान, पशुधन संरक्षण, सड़क निर्माण और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने सहित कुल 12 मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। किसान संघ ने मांगों का जल्द निराकरण कर किसानों को राहत देने की मांग की है।

- गंगरेल–तांदुला लिंक नहर जोड़ने, सिंचाई परियोजनाओं में तेजी और फसल नुकसान का मुआवजा देने की मांग

ज्ञापन में धान का समर्थन मूल्य 3358 प्रति क्विंटल करने, वर्ष 2022–23 की लंबित करीब 1700 करोड़ की राशि जारी करने, सब्जी–फल उत्पादकों को कृषक उन्नति योजना में शामिल करने और बाढ़ से प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की गई। संघ ने धान खरीदी की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ाने,



टोकन व्यवस्था में सुधार, निर्धारित मात्र में धान खरीदी तथा किसानों पर खाता समर्पण का दबाव बंद करने की मांग रखी। इसके अलावा गन्ने के दाम में 150 प्रति क्विंटल वृद्धि, अधूरी सिंचाई परियोजनाओं में तेजी, खाद की कालाबाजारी पर रोक और मक्का–गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग भी की गई। इस दौरान संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे ज्ञापन में गंगरेल–तांदुला लिंक नहर को जल्द जोड़ने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। किसानों का कहना है कि सिंचाई व्यवस्था बेहतर होने से जिले के बड़ी संख्या में किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही गन्ना किसानों को लंबित अंतर राशि का तत्काल भुगतान कराने की मांग भी की गई, ताकि किसानों को आर्थिक राहत मिल सके।

किसान संघ ने जिले की सभी तहसीलों में गौधाम निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही पैरा रोल मशीन उपलब्ध कराने की मांग रखी गई, जिससे किसानों को फसल अवशेषों के प्रबंधन में सुविधा मिल सके। खुटेरीभाट क्षेत्र में लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था शुरू करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही, ताकि सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। संघ ने नए खाताधारक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने की मांग करते हुए कहा कि पात्र किसानों के नाम योजना से जोड़कर उन्हें समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। वहीं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक मजदूर उपलब्ध कराने तथा किसानों को दलहन, तिलहन और मक्का के बीज तत्काल उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। इसके अलावा बोरगहन के आश्रित ग्राम फुंडा में गौधाम निर्माण की मांग रखी गई। किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रें में आवागमन की समस्या को देखते हुए चारभांठा–पायला तथा पायला–चाराचार मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने की मांग की। साथ ही क्षेत्र की जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण कर आवागमन सुगम बनाने की बात कही गई। भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से कहा कि किसानों की समस्याएं सीधे तौर पर उनकी खेती, आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी हैं। इसलिए मांगों को लंबित रखने के बजाय संबंधित विभागों को निर्देश देकर समयबद्ध तरीके से निराकरण कराया जाए। संघ ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करेगा।

स्कूल में चोरी का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम सरेखा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मे चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा सूनेपन का फायदा उठाकर रात्रि मे ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया था। दोनो आरोपियों को ज्युडिषियल रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से 04 नग चावल कटटा व एक नग लोहे की छिनी को जप्त किया गया।

- स्टोर रूम का ताला तोड़कर चुराए थे मध्यान्ह भोजन के चार बोरी चावल

मामला चौकी हल्दी थाना गुण्डरदेही क्षेत्र की ग्राम सरेखा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की है, जहा पर बच्चो के मध्यान भोजन हेतु लाया गया चॉवल कटटा 04 नग को किसी अज्ञात चोरो के द्वारा 03 अक्टूबर को स्कूल बंद होने के बाद सूनेपन का फायदा उठाकर स्कूल के स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरी का ले गया। 05 अक्टूबर को सुबह स्कूल खुलने पर घटना की जानकारी होते ही स्कूल के प्रधान पाठक ऐस कुमार सिन्हा ने तत्काल चौकी हल्दी मे घटना की रिपोर्ट की मामले को गंभीरता से लेते हुये अज्ञात चोरो के विरूद्ध थाना गुण्डरदेही मे धारा 331(4), 305 बीएनएस. का मामला दर्ज किया।

प्रकरण के विवेचना दौरान घटनास्थल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम सरेखा का बारिकी से निरीक्षण किया गया, आस पास के लोगों से पूछताछ किया गया व आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो को बारिकी से देखा गया जो मुखबीर से सूचना मिला कि ▶▶| शेष पेज 12 पर

बालोद पुलिस ने महिला संबंधी 3 मामले दर्ज किया और नशे के 50 प्रकरणों में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, नशे के अवैध कारोबार पर रोक और जिले में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए बालोद पुलिस ने सघन अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रें में अपराधों की रोकथाम के साथ त्वरित वैधानिक कार्रवाई की गई।

- पुलिस ने की आमजनों से सहयोग की अपील

07 अक्टूबर को महिला एवं बालिका संबंधी कुल 3 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें छेड़छाड़ का एक तथा अपहरण के दो मामले शामिल हैं। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रें में निगरानी बढ़ाते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों



पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे मिशन नवचेतना के तहत पुलिस ने 7 अक्टूबर को आबकारी एक्ट के 50 प्रकरण दर्ज किए और 50 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार पर निगरानी के साथ युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया जा रहा है। आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों की अड्डेबाजी पर रोक लगाने जिलेभर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक एवं संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाकर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धारा 170 ▶▶| शेष पेज 12 पर

जामगांव में बाल विवाह की सूचना पर पहुंची टीम, विवाह रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता, निगरानी और त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 07 अक्टूबर को ग्राम जामगांव (क) में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया।

- महिला एवं बाल विकास विभाग ने परिवार को समझाए कानूनी प्रावधान,

जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विभागीय टीम ने ग्राम जामगांव (क) पहुंचकर संबंधित परिवार से संपर्क किया। टीम ने परिवार को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में सरल भाषा में



समझाया तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी। परिवार को समझाइश दी गई कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा भविष्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। परिवार ने समझाइश को स्वीकार करते हुए बाल विवाह नहीं करने संबंधी घोषणा पत्र भी प्रस्तुत किया।

बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। कम उम्र में विवाह होने से बच्चों को शिक्षा से वंचित होने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और कम उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ उठाने जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जिले में प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही प्राप्त सूचनाओं पर संबंधित विभागों द्वारा तत्काल कार्रवाई की जा रही है। बाल विवाह की रोकथाम में समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा संबंधित अधिकारियों को दें। समय पर दी गई एक सूचना किसी बच्चे का भविष्य सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

बाल विवाह रोकने की इस कार्रवाई में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उपसरपंच, परियोजना अधिकारी बालोद, सेक्टर सुपरवाइजर, संरक्षण अधिकारी संस्थागत एवं गैर–संस्थागत, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक एवं सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम जामगांव (क) में समय पर मिली सूचना और ▶▶| शेष पेज 12 पर

धान में रोग-कीट नियंत्रण की दी जानकारी

कृषि विज्ञान केंद्र में मासिक कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि विभाग, उपसंचालक कृषि के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व कृषि विज्ञान केन्द्र के वकों के साथ मासिक कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी सेवारतों को समसामयिक कृषि सलाह दी गई, जो आगामी दिनों में की जानी है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. केआर. साहू ने कृषि संबंधी समसमायिकी सलाह दिया।

- वैज्ञानिकों ने पेनिकल माइट, माहो और ब्लाइट के उपचार बताए, मैदानी अमले की समस्याओं का किया समाधान



कृषि विज्ञान केन्द्र के पौध रोग विशेषज्ञ डॉ. भीमेश्वरी साहू एवं डॉ. दीपशिखा मनु चंद्राकर ने धान में आ रही पेनिकल माइट, माहो व ब्लाइट रोग के उपचार के बारे में बताया। मासिक कार्यशाला में जिले भर से आए हुए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से खेतों में आ रही समस्याओं को केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा सुना गया और इसके निदान के उपाय बताए गये। तत्पश्चात केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपने–अपने संबंधित विषयों जैसे मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, पौध संरक्षण, पशुपालन, धान, दलहनी फसल, उद्यानिकी फसलें विषय पर मौसम आधारित एवं सामान्य कृषि क्रियाओं से संबंधित सलाह दी गई। साथ ही बताया कि केन्द्र में बीज उपलब्धता एवं समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के बारे में बताया। उपसंचालक कृषि आशीष चंद्राकर ने आने वाले रबी हेतु कार्ययोजना की विस्तृत चर्चा की। सहायक संचालक कृषि एस.एन. ताम्रकार द्वारा विभागीय योजनाओं की समीक्षा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में केंद्र के डॉ. बलदेव अग्रवाल, डॉ. ए.आर. गौर, सचिन कुमार वर्मा, विनोद पैकरा, थानेश्वर कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनुविभागीय कृषि अधिकारी महेश मार्गीय, सहित सभी विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी के साथ जिले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सम्मिलित हुए एवं सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे।

जिपं सीईओ सुनील चंद्रवंशी ने सचिवों व रोजगार सहायकों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकसीत भारत जीरामजी अंतर्गत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

- विकसित भारत जीरामजी के कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

जनपद पंचयत गुरूर के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील चंद्रवंशी की अध्यक्षता में पंचायत के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें विकसीत भारत जीरामजी में स्वीकृत बालिका शौचालय, मुक्तिधाम शेड एवं डी–फन्कसन बोरवेल रिचार्ज के कार्यो को समय



सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। विकसीत ग्राम पंचायत प्लान बनाने के साथ ही सभी पंचायत में मजदरी मूलक कार्य प्रारंभ करने, अधिक से अधिक मजूदरी मूलक कार्य स्वीकृत कराने के साथ स्कुल शिक्षा के विगाग के प्राथमिकता के कार्य, स्वास्थ्य संबंधित प्राथमिकता के कार्य इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत कराने, ई केवाईसी के कार्य तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है।

बैठक में जिला पंचायत से सहायक परियोजना अधिकारी ओमप्रकाश साहू, प्रभात कुमार साहू, जनपद पंचायत पन्नालाल घुरवे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भानुप्रताप बंजारे, एसडीओं आरईएस योगेश कुमार देवांगन, कार्यकम अधिकारी, सर्व तकनीकी सहायक, जनपद पंचायत गुरूर, सर्व पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

दुर्ग में सेवा के रंग, सेवा ज्योति यात्रा में हजारों लोगों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम में सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम लाइव उद्बोधन को उपस्थितजनों ने सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए वी विल डू इट का विश्वासपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनभागीदारी का आह्वान किये।

मंत्री यादव ने दिलाई विकसित भारत निर्माण में योगदान की शपथ

कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने उपस्थित नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का संकल्प नहीं है, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से पूरा होने वाला राष्ट्रीय संकल्प है। प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित की भावना के साथ योगदान दे तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निश्चित रूप से साकार होगा। आज दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम और सेवा ज्योति यात्रा इसी भावना का संदेश देती है कि सेवा से राष्ट्रसेवा और राष्ट्रसेवा से विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हम सभी अपनी भूमिका निभाएं।

पं. रविशंकर स्टेडियम में हुआ आयोजन, पीएम का संदेश लाइव सुना



विधायकों सहित भाजपा की जनभागीदारी

कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, विधायक रिकेश सेन, दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ी भीड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा पूर्ण होने के अवसर पर जिला भाजपा द्वारा सेवा ज्योति यात्रा का भी आयोजन किया गया। पंडित रविशंकर स्टेडियम से प्रारंभ हुई यह यात्रा बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए पटेल चौक तक पहुंची।

यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराने का संदेश दिया गया। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

खबर संक्षेप

दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना के आवेदन 31 तक

दुर्ग। राज्य सरकार की दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना को अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। समाज कल्याण संचालनालय द्वारा योजना को भारत सरकार के नेशनल स्कॉलरशीप पोर्टल पर ऑनबोर्ड कर दिया गया है। अब दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त करने तक की संपूर्ण प्रकिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी करनी होगी। उप संचालक समाज कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। नेशलन स्कॉलरशीप पोर्टल पर दिव्यांगजन राज्य छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि जो पूर्व में 30 सितंबर निर्धारित थी, जिसमें वृद्धि करते हुए 31 अक्टूबर क कर दी गई है।

दशहरा समिति गठित

दुर्ग। श्री गोविन्द नवयुवक समिति पोटिया कला, वार्ड क्रमांक 54 द्वारा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दशहरा के साथ मंडई मेला का भी आयोजन 21 अक्टूबर को किया जाना है। इसके लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष ठकेश साहू, उपाध्यक्ष चन्द्र किशोर साहू, टैलेश साहू, सचिव हिरेंद्र साहू, सह सचिव रिमांशु साहू, कोषाध्यक्ष सोमनाथ साहू, सह कोषाध्यक्ष सूरज साहू, संगीत सचिव फलित साहू, प्रचार सचिव कमल साहू, प्रकाश साहू, कार्यकारणी सदस्य भूषण साहू, मोनू साहू , परखचंद साहू, तिलक साहू बनाए गए हैं।

आंगन मिलन कार्यक्रम में गूंजा पोषण और संस्कार का संदेश

दुर्ग। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर ननकट्ठी, परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम बासीन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी ऊषा झा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जितेंद्र यादव, जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा, सरपंच चित्ररेखा साहू, उपसरपंच श्री तुकेश्वर देवांगन, पूर्व सरपंच प्रमोद साहू एवं जेवरा मंडल महामंत्री सचिन राजपूत सहित पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

विरोध : विपक्षी सांसदों को निर्वाचन अधिकारी से मिलने का समय नहीं देने का आरोप

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने मनाया काला दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश कुमार से विपक्षी सांसदों की मुलाकात नहीं होने और दिल्ली में कांग्रेस नेताओं व सांसदों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा ने 8 अक्टूबर को 'काला दिन' मनाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश और जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन व्यवस्था को लेकर जमकर नारेबाजी की।

- दल्ली राजहरा में जमकर की नारेबाजी

कांग्रेस नेताओं के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहित विपक्ष के करीब 300 सांसद मुख्य निर्वाचन अधिकारी



ज्ञानेश कुमार से मिलने के लिए लगातार दो दिनों तक मार्च करते रहे। कांग्रेस का आरोप है कि इसके बावजूद उन्हें मुलाकात का समय नहीं दिया गया तथा दिल्ली पुलिस द्वारा नेताओं और सांसदों को हिरासत में लिया गया।

इसी घटनाक्रम के विरोध में दल्ली राजहरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला दिन मनाते हुए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, नरेंद्र मोदी इस्तीफा दो, अमित शाह इस्तीफा दो और लोकतंत्र की हत्या करना बंद करो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की मांग उठाई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की आवाज को सुनना सरकार और संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है। निर्वाचित सांसदों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलने का अवसर नहीं देना और उन्हें हिरासत में लिए जाने की घटना लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की रक्षा के मुद्दे को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी।

बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रहे मौजूद

विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रवि जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक बाम्बेस्वर, आईएनटीयूसी यूनियन अध्यक्ष अभय सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री युवराज साहू, काशीराम निषाद, के. ईश्वर राव, विजय कुमार जोगदंड, राजकुमार साहू, कुलदीप नोन्हारे, महिंद्रन अप्पू, हीरालाल पवार, अरुण कुमार वैद्य, राजू विनायक, मनोज शाह, शेखर नेताम, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, जय प्रकाश यादव, शोभा चौकसे, बंटी नोन्हारे, अनूप बाम्बेस्वर, हरीश खस, विवेक मसीह, संतोष पांडे, ममता पांडे, अजय छाजेड, आशाराम साहू, राधे मंडावी, हिमांशु सिंह, रंजय सिंह, सूरज प्रदीप साहू, श्रीनिवासन राव, फ्रांसिस कॉलिन, रूबी एंथोनी, वेंकट राव, पिंकू डे, प्रदीप, बाबलू, सलमान खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महतारी वंदन योजना से काजल के घर में आई खुशहाली, बच्चों की पढ़ाई में मिल रहा सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित 'महतारी वंदन योजना' ग्रामीण अंचलों में माताओं और बहनों के जीवन में खुशहाली का नया आधार बन रही है। योजना के तहत प्रतिमाह सीधे बैंक खाते में प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भरता का अनुभव कर रही हैं, बल्कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य और परिवार की छोटी–मोटी आवश्यकताओं को भी बिना किसी पर निर्भर हुए पूरा कर रही हैं। जिले के ग्राम सिवनी की काजल अमादिया इसका एक जीवंत और प्रेरक उदाहरण हैं।

- मुख्यमंत्री विष्णु भैया' हम बहनों का रखते हैं ख्याल, योजना बनी आर्थिक सहारा

ग्राम सिवनी निवासी श्रीमती काजल अमादिया ने अपनी प्रसन्नता साझा करते हुए बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें नियमित रूप से प्रतिमाह 01 हजार रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में मिल रही है। बैंक खाते में महतारी वंदन योजना की 32वीं किस्त की राशि जमा होने का संदेश प्राप्त होते ही उनके चेहरे पर संतोष और मुस्कान आ गई। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की पढ़ाई–लिखाई के खर्चों, कॉपियों–पुस्तकों की व्यवस्था तथा घर–गृहस्थी की रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं को पूरा करने में करती हैं।

काजल अमादिया ने बताया कि पूर्व में बच्चों की छोटी–मोटी जरूरतों एवं घरेलु सामग्री के लिए आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब प्रतिमाह मिलने वाली निश्चित राशि से घर के बजट में बड़ा सहारा मिला है। बिना किसी रुकावट के समय पर खाते में राशि आने से परिवार में खुशहाली आई है और अपने पैरों पर खड़े होने का आत्मबल बढ़ा है। काजल अमादिया ने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी वास्तविक चिंताओं को समझने के लिए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री विष्णु भैया' हम सभी महिलाओं का बहुत ख्याल रखते हैं। महतारी वंदन योजना हम जैसी लाखों बहनों के लिए एक सच्चा आर्थिक सहारा और उपहार है।

बड़गांव स्कूल में बीईओ ने ली समीक्षा बैठक

डौंडीलोहारा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में विकासखंड शिक्षा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के साथ ही पढ़ाए गए विषयों की नियमित पुनरावृत्ति कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों की विषय संबंधी समझ मजबूत हो सके। उन्होंने कक्षा में विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रगति पर ध्यान देने तथा जिन विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर अपेक्षाकृत कमजोर है, उनके लिए विशेष उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए विषयवार तैयारी, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, कठिन विषयों पर अतिरिक्त अभ्यास तथा परीक्षा के अनुरूप प्रश्नों के निरंतर अभ्यास पर भी चर्चा की गई। बीईओ ने शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता के अनुरूप आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्हें बोर्ड परीक्षा के लिए आत्मविश्वास के साथ तैयार किया जाए।विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं बैठक में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की तैयारी से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा की तथा बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही। उक्त बैठक में जनपद सभापति डोमेन्द्र राजपूत, पालकगण नारायण चतुर्वेदी, संतोष कुमार सारथी तथा शाला के सभी उपस्थित थे।

रिसाली सेवा संकल्प शिविर में आए 121 आवेदन, मौके पर 78 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा बुधवार को लगाए सेवा संकल्प शिविर में कुल 121 आवेदन आए।

- विधायक और महापौर ने नागरिकों से की चर्चा



यह शिविर कुल 9 वार्ड 7से 15 तक के लिए लगाया गया। लगाए गए शिविर का अवलोकन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा ने की। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में न केवल स्टाल का अवलोकन किया, बल्कि नागरिकों से बात भी की। समस्याओं को जानने के बाद उनका निराकरण करने रिसाली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक का कहना था कि यह प्रयास केवल आम लोगों को सुविधा प्रदान करना है। शिविर में महापौर शशि सिन्हा पार्षद विधि यादव, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू समेत वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान : मोदी के 25 वर्ष के कार्यकाल और सरकारी योजनाओं का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत गुजरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'नमो सेवा अनकही कहानियां' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के कार्यकाल तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं को लेकर जनजागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभ को आम लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी लेने और पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने उपस्थित ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हितेश साहू, जनपद पंचायत डौंडी के सीईओ मांडले, जिला पंचायत सदस्य बालोद नीलिमा श्याम, ग्राम पंचायत गुजरा की सरपंच पार्वती मंडावी, पंचायत सचिव शत्रुघन पिस्दा, रोजगार सहायक नरेश साहू सहित पंचगण, स्वच्छाग्रही सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे

पेज 11 के शेष

धनेली-अरमरीकला मुख्य ...

की स्थिति खराब होने के चलते दिक्कत हो का सामना करना पड़ता है। इसी मार्ग से होकर स्कूली छात्र–छात्राएं स्कूल कॉलेज आते जाते हैं। ज्यादातर परेशानी रात्रि में होती है जहां वाहन चालकों को गड्ढे नजर नहीं आ पाता और सीधे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ग्राम जेवरतला के पास मार्ग के बीचो–बीच लगभग 2 फीट गहरा गड्ढा हो गया है जिससे अस्थाई सांकेतिक बनाया गया है। जिससे कि आवागमन करने वाले को परेशानी ना हो।

कंकालीन मंदिर जाने ...

हो रही है। विभाग भी चुपचाप है। आपको बता दें कि यह सड़क वनांचल क्षेत्र के लोगों का मुख्य मार्ग है। इसी सड़क से ब्लांक एवं जिला मुख्यालय जाने का एक मात्र सड़क है जिसके कारण ग्रामीणों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जल्द सडक निर्माण की मांग कर रहे है।

स्कूल में चोरी का ...

ग्राम सरेखा निवासी लवकुष कंवर व हितेष कुमार विश्वकर्मा को घटना के दौरान संदिग्ध अवस्था में देखा गया था, जिसे अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर 3 व 4 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि को चोरी करना कबूल करने पर आरोपी के द्वारा चोरी कर स्कूल के पीछे बंद पुराना बाथरूम मे छिपाये 04 नग चावल कटटा कीमती 5400 रूपये व चोरी मे प्रयुक्त एक नग लोहे की छिनी को जप्त किया गया। दोनो आरोपियो ग्राम सरेखा, चैकी हल्दी, थाना गुण्डरदेही निवासी लवकुष कंवर पिता मोती लाल कंवर 27 वर्ष, हितेष कुमार विष्वकर्मा पिता शत्रुहन विष्वकर्मा 19 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

बालोद पुलिस ने महिला ...

बीएनएस के तहत 11 प्रकरणों में 11 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। बालोद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़, पीछा करने, धमकी या उत्पीड़न जैसी घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इसके अलावा नशे के अवैध कारोबार और आपराधिक अथवा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की जानकारी भी पुलिस तक पहुंचाने की अपील की गई है।

जामगांव में बाल विवाह ...

प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से बाल विवाह को रोका जा सका। यह कार्रवाई बताती है कि प्रशासन की सतर्कता के साथ समाज की जागरूकता और सहयोग से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले का प्रत्येक बच्चा सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करे और उसे अपने बेहतर भविष्य के निर्माण का पूरा अवसर मिले। बाल विवाह रोकने के लिए जागरूक बनें, सूचना दें और बच्चों के सुरक्षित भविष्य में सहभागी बनें।

बीएसपी वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने की विशेष अभियान चलाने की मांग

हरि राज रेस्टोरेंट के बाथरूम में हिडन कैमरा का मामला गरमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के प्रतिष्ठित हरि राज रेस्टोरेंट के बाथरूम में कथित रूप से हिडन कैमरा मिलने के मामले में बीएसपी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने घटना को बेहद गंभीर और निंदनीय बताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।



- डीवीआर व अन्य डिजिटल उपकरणों की हो फॉरेंसिक जांच



भिलाई नगर पुलिस जुटी जांच में, होटल संचालक को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब

होटल हरिराज में महिलाओं के बाथरूम में मोबाइल कैमरे के बाद बवाल

उज्जवल दत्ता ने कहा कि बाथरूम जैसे निजी स्थान पर हिडन कैमरा मिलना नागरिकों की निजता, सम्मान और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। पुलिस को इसे सामान्य घटना के रूप में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने मांग की कि कैमरे की तकनीकी जांच के साथ उससे जुड़े मोबाइल, डीवीआर, कंप्यूटर, मेमोरी कार्ड और अन्य डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच में यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि कैमरा किसने लगाया, कितने समय से लगा था और उससे कोई वीडियो रिकॉर्ड हुआ था या नहीं। यदि रिकॉर्डिंग हुई है तो उसे कहीं संग्रहित, भेजा या प्रसारित किया गया या नहीं, इसकी भी जांच होनी चाहिए।उज्जवल दत्ता ने कहा कि यदि कैमरा लगाए जाने की जिम्मेदारी किसी कर्मचारी पर डाली जा रही है तो इसकी भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। पुलिस को संचालक सहित संबंधित सभी लोगों से पूछताछ कर पूरे मामले की कड़ियां जोड़नी चाहिए। जांच में किसी की संलिप्तता सामने आने पर तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरि राज जैसे प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में ऐसी घटना सामने आना पूरे शहर के लिए चिंता का विषय है। लोग होटल और रेस्टोरेंट में इस भरोसे के साथ जाते हैं कि उनकी निजता और गरिमा सुरक्षित रहेगी। इस विश्वास के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उज्जवल दत्ता ने प्रशासन से मांग की कि मामले को केवल एक रेस्टोरेंट तक सीमित न रखा जाए। भिलाई के होटल, रेस्टोरेंट, लॉज, चेंजिंग रूम और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हिडन कैमरों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। महिलाओं और युवतियों की निजता और सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देने की भी उन्होंने मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही, मामले की जांच बिना किसी दबाव के निष्पक्ष तरीके से पूरी कर आम नागरिकों को जांच की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि लोगों का प्रशासन और कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

खबर संक्षेप

व्यापारी संघ देवरी, मार्री खैरा एवं पसौद की नई कार्यकारिणी गठित



डौंडीलोहारा। व्यापारी संघ देवरी, मार्री, खैरा एवं पसौद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संगठन में व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। गठित कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष भीखम विनायक, उपाध्यक्ष अशोक देवांगन एवं संतोष देवांगन, सचिव संदीप बाजपेई तथा कोषाध्यक्ष रवि केला को नियुक्त किया गया है। वहीं संरक्षक के रूप में रामशिरोमणी तिवारी, विवेक वैष्णव, आशीष तिवारी, सुनील गोलछा, मनीष सोनबरसा, सागर देवांगन, संतोष सिसोदिया, जागृत सोनकर, पोषण बनपेला, कुमार सारथी, भागवत देवांगन, बरसन निषाद, मुकेश यदु, हरिश सिन्हा, प्रदीप जैन, जितेश्वर कौशिक एवं गजेंद्र सिन्हा को शामिल किया गया है। मीडिया प्रभारी केशव शर्मा को बनाया गया है। संघ की टीम में सरपंच देवरीबंगला डोमेंद्र मंडावी, सरपंच मार्रीबंगला हिना साहू एवं सरपंच पसौद नागेश ध्रुव भी शामिल रहेंगे।

डेंगरापार में कल झांकी का आयोजन

गुण्डरदेही। ग्राम डेंगरापार व मंडलेश्वर सिन्हा समाज अर्जुन्दा जसवंत सिन्हा के विशेष सहयोग से 10 अक्टूबर दोपहर 2 बजे हरदेवलाल बाबा मंदिर प्रांगण डेंगरापार मे नवरत्न पटपर झांकी का आयोजन किया जा रहा है। जहां कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से समाजसेवी व मंडलेश्वर सिन्हा समाज अर्जुन्दा जसवंत सिन्हा शामिल होगे।

राजा राव पठार में वीर मेला आयोजन समिति की बैठक 9 आज

बालोद। वीर मेला आयोजन समिति द्वारा वीर मेला राजा राव पठार करेंझर में 09 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से विभिन्न विषयों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें 8, 9, 10 दिसंबर में आयोजित होने वाले वीर मेला की तैयारी, हाट बाजार स्थल को स्थाई रूप से दुकान हेतु नक्शा तैयारकर मार्किंग करने हेतु विचार, मेला स्थल में डोम निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी, राजा राव बाबा, माता कंकालीन, खारून नदी के उद्गम, सामाजिक, धार्मिक, भौगोलिक आदि एवं वीर मेला के इतिहास को संकलन करने के लिए पुस्तिका लेखन एवं छापने पर विचार, वीर मेला आयोजन समिति के नियमावली संशोधन पर विचार, अन्य जानकारी आयोजन समिति द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

नींद की कमी, नाइट शिफ्ट और कार्य दबाव से बचने की सलाह, परेशानी होने पर समय रहते संवाद पर जोर

धनोरा में पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष सेमिनार, तनाव प्रबंधन के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

14वीं वाहिनी छग सशस्त्र बल, धनोरा में सेनानी मोनिका ठाकुर की पहल पर 8 अक्टूबर को पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में विशेषज्ञों ने तनाव, अवसाद, अनियमित ड्यूटी और नाइट शिफ्ट से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों की जानकारी दी।

सेनानी मोनिका ठाकुर ने कहा कि पुलिसकर्मी लंबे समय तक ड्यूटी, अनिश्चित कार्य समय और लगातार कार्य दबाव के कारण परिवार एवं सामाजिक जीवन के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते। 24 घंटे की ड्यूटी और नाइट शिफ्ट का असर नींद, दिनचर्या और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही जरूरी





है। सेमिनार में सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस, जी.ई. रोड देवादा, राजनांदगांव से डॉ. सुगम सावंत (एमडी), सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक के.एम.एस. खान, नशा मुक्ति प्रभारी रोशिता पिल्लई एवं उनकी टीम ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने लगातार तनाव, नींद की कमी, अनियमित ड्यूटी और कार्य दबाव को मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण बताया। साथ ही नशे की आदत, मोबाइल का अत्यधिक एवं अनियंत्रित उपयोग तथा मानसिक परेशानी को छिपाने की प्रवित्ती से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तनाव या मानसिक परेशानी होने पर उसे छिपाने के बजाय समय रहते परिवार, सहकर्मियों या विशेषज्ञ से बातचीत करनी चाहिए। सही समय पर संवाद, उचित परामर्श और आवश्यक उपचार से गंभीर मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। स्वस्थ मन, सशक्त पुलिस के संदेश के साथ आयोजित इस सेमिनार का उद्देश्य पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों को तनावमुक्त, स्वस्थ एवं सकारात्मक कार्य वातावरण उपलब्ध कराने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

10.180 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, एक आरोपी पर प्रकरण दर्ज



बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग ने दल्लीराजहरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 10.180 लीटर हाथभट्ठी महुआ कच्ची शराब जब्त की है।

आबकारी विभाग के अनुसार कार्रवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 17, कोटागांव निवासी त्रिलोचन सोरी पिता महावीर सोरी 37 वर्ष के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क ख, 34(2) एवं 59–क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त मदिरा की मात्र 10.180 लीटर है। प्रकरण की विवेचना आबकारी उपनिरीक्षक दल्लीराजहरा तुलेश कुमार देशलहरे द्वारा की जा रही है। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक चंद्रशेखर सिंहसार, राकेश देशमुख, गजेन्द्र सोम, महिला आबकारी आरक्षक चुनेश्वरी साहू तथा वाहन चालक कुलदीप ठाकुर शामिल रहे। जिला प्रशासन द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग को नियमानुसार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

विधायक अनिला ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

डौंडीलोहारा। विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज करते हुए स्थानीय विधायक अनिला भेड़िया ने सोमवार, 05 अक्टूबर को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण अंचलों में लाखों रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामीणों को सौगात दी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि ग्राम बड़गांव और ग्राम कोटरा में कई उत्साही युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी में प्रवेश किया।



लाखों के विकास कार्यों की मिली सौगातः विधायक अनिला भेड़िया के इस तूफानी दौरे के दौरान विभिन्न ग्रामों में अधोसंरचना और जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु अनेक कार्यों का श्रीगणेश और लोकार्पण किया गया। ग्राम रेंघई सी.सी. रोड निर्माण का भूमि पूजन। ग्राम कोरगुड़ा सी.सी. रोड निर्माण का भूमि पूजन। ग्राम बड़गांव सी.सी. रोड का भूमि पूजन। ग्राम कोचेरा सी.सी. रोड निर्माण का भूमि पूजन। ग्राम नारगी कला मंच का लोकार्पण। ग्राम कोसमीः पेवर ब्लॉक कार्य का भूमि पूजन। ग्राम कोटेरा परमेश्वरी भवन का भव्य लोकार्पण। युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह, थामा कांग्रेस का दामन विकास कार्यों के इस उत्सव के बीच ग्राम बड़गांव एवं ग्राम कोटरा में युवाओं का बड़ा समूह विधायक अनिला भेड़िया की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ। विधायक ने सभी नवप्रवेशी युवाओं का गमछा पहनाकर स्वागत किया और कहा कि युवाओं की ऊर्जा ही क्षेत्र के विकास की असली ताकत है। वरिष्ठ नेताओं और ग्रामीणों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस विकास यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। मुख्य रूप से राजकुमार प्रभाकर (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ,भोलाराम देशमुख (पूर्व अध्यक्ष, कृषि उपज मंडी बालोद) राजाराम तारम (जिला पंचायत सदस्य) गोविंद चंद्राकर (विधायकप्रतिनिधि) हीरालाल ठाकुर (ब्लॉक उपाध्यक्ष), मेघनाथ साहू (जिला महामंत्री), दामेश्वर देशमुख (ब्लॉक महामंत्री) शांति रावटे (जनपद सदस्य), लोकनाथ निषाद (ब्लॉक सचिव), माधव गिरी गोस्वामी (पूर्व जनपद सदस्य) गुलाब जैन, कान्हा टॉक, डगर देशमुख, विजय यादव, नेतराम भांडेकर, कौशल रात्रे, पोषण जोशी, देवेंद्र ठाकुर, दुष्यंत चंद्राकर, बलराम चंद्राकर इसके साथ ही समस्त गांवों के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, स्थानीय मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, विभिन्न संगठन के प्रतिनिधि एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर कार्यक्रम के गवाह बने।

मत्स्य पालक परिवार को मिला 5 लाख का बीमा क्लेम, पीएम मत्स्य संपदा योजना बनी सहारा

बालोद। मत्स्य पालन के व्यवसाय से जुड़े परिवारों को आकस्मिक संकट एवं दुर्घटना की स्थिति में सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' जिले में जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा मत्स्य पालकों का निःशुल्क दुर्घटना बीमा कराया जाता है, जिससे अप्रत्याशित विपत्ति के समय उनके आश्रितों को तुरंत आर्थिक संबल प्राप्त हो सके। इसी क्रम में विकासखंड डौंडीलोहारा के पीड़ित परिवार को 05 लाख रुपए की क्लेम राशि का सफल भुगतान किया गया है। डौंडीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मुड़खुसरा निवासी स्व. श्री भुवन



लाल भेड़िया (पिता सदाराम भेड़िया) मत्स्य पालक के रूप में योजनांतर्गत बीमित थे। उनके असामयिक निधन के उपरांत जिला प्रशासन एवं मछली पालन विभाग की तत्परता से समस्त आवश्यक विभागीय प्रक्रियाएं पूर्ण कराई गईं। इसके पश्चात राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) हैदराबाद के समन्वय से स्व. भुवन लाल की नामिनी पत्नी टिकेश्वरी भेड़िया के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 05 लाख रुपए की बीमा राशि सीधे अंतरित की गई। मुखिया के असमय चले जाने के बाद इस त्वरित आर्थिक सहायता से शोकाकुल परिवार को बड़ा सहारा मिला है। उल्लेखीनय है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पंजीकृत मत्स्य पालकों को निःशुल्क बीमा सुरक्षा दी जाती है। इसके अंतर्गत बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर 05 लाख रुपए, पूर्ण स्थायी अथवा अस्थायी अपंगता की स्थिति में 02 लाख 50 हजार रुपए तथा दुर्घटना के दौरान अस्पताल में भर्ती होने पर 25 हजार रुपए तक की निःशुल्क चिकित्सा सहायता बीमित हितग्राही अथवा उसके नामिनी को प्रदान की जाती है।

डीएमएफ की बैठक में विकास कार्यों के प्रस्तावों को मिली मंजूरी



बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित न्यास परिषद के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में जिले के विकास कार्यों और योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बेसलाइन सर्वे एवं पंचवर्षीय योजना का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025–26 के अप्रारंभ कार्योंक्षा की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निरस्त करने की कार्रवाई भी की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित कार्यों पर भी विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। चर्चा के बाद एजेंडा के आधार पर विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। इन कार्यों के माध्यम से जिले में उपलब्ध खनिज संसाधनों से प्राप्त राशि का उपयोग जनहित और विकास कार्यों में किया जाएगा। जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से स्वीकृत कार्यों का उद्देश्य जिले के विकास को गति देना तथा संबंधित क्षेत्रें में आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाना है।

भागवत कथा में सुदामा चरित्र ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूजः बालोद





ग्राम लोण्डी बालोद जिला में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आठवें दिन

- तुलसी दल अर्पण कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, आज हवन-पूर्णाहुति के साथ होगा समापन

गुरुवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के भावपूर्ण प्रसंगों का संगीतमय वर्णन कराया। कथा में श्री सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, यदुवंश क्षय एवं परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया।

कथा के दौरान संत निरंजन महाराज ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए सच्ची मित्रता, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने बालसखा सुदामा के प्रति किए गए प्रेम और सम्मान का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावव उठे। इसके बाद द्वारिका लीला एवं यदुवंश क्षय के प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथावाचक ने श्रीमद्भागवत के माध्यम से जीवन की नश्वरता और भगवान की भक्ति के महत्व को समझाया। कथा में राजा परीक्षित मोक्ष का प्रसंग भी सुनाया गया। भगवान की कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान करता है और प्रभु की भक्ति से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, इसका संदेश दिया गया।

आठवें दिन भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण चढ़ोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान के श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पित कर पूजा–अर्चना की। इस दौरान कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। ग्राम लोन्डी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन आज 9 अक्टूबर को श्री गीता सार प्रवचन, हवन पूर्णाहुति, कपिलातर्पण एवं सहस्त्रधारा स्नान। इस धार्मिक आयोजन में मानिक राम, लक्ष्मी बाई साहू, टेमन लाल, माधु साहू, खीलूराम, शंकर लाल, सावन बाई, ओमप्रकाश साहू, ममता, ब्रह्मराम साहू, माधुरी बाई, लोकेश, राकेश, त्रिलोक, गजानन, धनेश, रमेश, ललिना सहित समस्त साहू परिवार व ग्रामीण प्रतिदिन कथा का आनंद ले रहे है।

शिकारीटोला-करियाटोला सहित कई ग्रामीण सड़कों की जांच

ग्रामीण सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय-सीमा में पूरा करेः कलेक्टर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सड़कों के जाल को मजबूत करने और आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। कलेक्टर दिव्या

- अधिकारियों और ठेकेदारों को गुणवत्ता सुधारने की हिदायत

उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन, नवीनीकरण और रखरखाव वाले सड़क एवं पुल–पुलिया के कार्योंर् की गुणवक्ता जांचने के लिए अधीक्षण अभियंता पी. मोहन राय सोनी ने विगत 06 अक्टूबर को डौंडी और बालोद विकासखंड के विभिन्न ग्रामीण मार्गोंर् का गहन



निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और उप अभियंता सहित संबंधित ठेकेदार को चल रहे निर्माण कार्य एवं संधारण कार्योंर् को गुणवक्ता पूर्ण ढंग से समय–सीमा में शीघ्र पूरा कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज–4) के तहत पैकेज नंबर सीजी 21–112 के 2 सड़क एसएच–05 से 'शिकारी टोला से करियाटोला' तथा पिच्चेटोला जबकसा से पेटेचुआ रोड का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवक्ता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि सड़कों का निर्माण पूरी तरह गुणवक्तापूर्ण और समय–सीमा के भीतर किया जाए।

सड़कों के संधारण (रखरखाव) कार्योंर् की समीक्षा करते हुए उन्होंने पिपरछेड़ी से निमोरा, बिटाल से धोबेदण्ड और झीकाटोला से दर्राटोला मार्ग सहित अन्य प्रमुख सड़कों की मरम्मत व संधारण कार्य को शीघ्रता से गुणवक्तापूर्वक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रशासन के इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रें में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और आम नागरिकों को पक्की सड़कों का सीधा लाभ मिलेगा।











खबर संक्षेप

अशोक छाटा बने धोबी समाज के जिला महासचिव



अंडा। केलाबाड़ी शास्त्री चौक निवासी अशोक छाटा को जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मल करने महासचिव नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अनुमति तथा प्रदेश संगठन मंत्री दुर्ग जिला प्रभारी नकुल निर्मलकर महामंत्री धनेश्वर निर्मलकर के निर्देश अनुसार की है, इन्हें दुर्ग जिले मेंसंगठन का विस्तार करने का भी अधिकार दिया गया है।

पिता की स्मृति में कराया न्योता भोज



गुण्डरदेही। शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में शिक्षक बीके महतो के द्वारा अपने पिता की पुण्य स्मृति में पितृ भोजन के रूप में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के सभी 18 बच्चों को न्योता भोज खिलाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक प्रीति मंडावी एवं शिक्षक साथी संदीप शर्मा, रवीनारायण तामस्कर, येवन धनकर, अशोक साहू एवं उदय कंवर उपस्थित थे।

जन्मदिन पर न्योता भोज कराया



बालोद। प्राथमिक शाला बोड़की में कक्षा पहली से पांचवी तक एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को उपसरपंच पद्मनी साहू द्वारा अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया गया। इस दौरान उन्होने कहा कि जन्मदिन और अन्य परिवारिक अवसरो पर इस तरह के न्योता भोज से बच्चो को अतिरिक्त पोशण मिलता है। इस दौरान प्रधान पाठक मुक्ता श्याम सार्वा, सहायक शिक्षक योगेश्वर साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा ठाकुर एवं रसोईया उपस्थित थे।

डोंडी में समर्पण महोत्सव के तहत तपस्या जारी

डोंडी। स्थानकवासी जैन श्री संघ, डोंडी के तत्वावधान में आयोजित "समर्पण महोत्सव–डोंडी 2026" के तहत शासन दीपिका साध्वी श्री प्रियंका श्रीजी म.सा. एवं आदि ठाणा-4 के पावन सान्निध्य में तपस्या और आराधना का क्रम जारी है। 8 अक्टूबर को जारी तपस्या सूची में जैन समाज के तपस्वियों की साधना की समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक अनुमोदना की। तपस्या के तहत श्रीमती ऐश्वर्या सेठिया ने 31 उपवास का पचखाण लेकर उल्लेखनीय तप आराधना की। वहीं भाविक नाहर एवं पुष्कर लोढ़ा ने 7-7, कुमारी अवि संचेती ने 6, निखिल ढेलड़िया ने 5, दीप्ति ढेलड़िया ने 4 तथा पृथ्वीराज लोढ़ा ने 3 उपवास की तपस्या की। वर्षावास के दौरान डोंडी श्री संघ में स्वाध्याय, धर्म आराधना और तप-संयम का आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। समाजजनों ने कहा कि तपस्या आत्मशुद्धि, संयम और कर्मनिर्जरा का माध्यम है तथा तपस्वियों की साधना समाज के लिए प्रेरणादायी है। संघ की ओर से सभी तपस्वियों की "तपस्या की खूब-खूब अनुमोदना" करते हुए उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक जीवन की मंगलकामना की गई।

स्थानीय समस्याओं की पहचान कर नवाचार आधारित समाधान तैयार करने के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित

दुधली पॉलीटेक्निक में 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' की कार्यशाला, 150 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले में विद्यार्थियों और युवाओं के नवाचारी विचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के अंतर्गत शा स की य पॉ ली टे क्नि क म हा वि द्या ल य दुधली, डौंडी लोहारा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- स्थानीय समस्याओं की पहचान कर नवाचार आधारित समाधान तैयार करने के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने आसपास की समस्याओं को पहचानने और उनके स्थानीय एवं नवाचार आधारित समाधान तैयार करने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए किया जा सकता है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज की अवधारणा, नवाचार की आवश्यकता, आइडिया तैयार करने की प्रक्रिया तथा प्रतियोगिता में अपने आइडिया का पंजीयन कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपने आसपास की समस्याओं को केवल चुनौती के रूप में न देखें, बल्कि उनके समाधान के लिए नए अवसर के रूप में भी सोचें। तकनीकी ज्ञान के साथ तैयार किया गया व्यवहारिक और उपयोगी आइडिया समाज के लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

कार्यशाला में बताया गया कि नवाचार केवल किसी समस्या का समाधान करने तक सीमित नहीं है। एक उपयोगी और व्यवहारिक आइडिया आगे चलकर रोजगार एवं स्वरोजगार का माध्यम भी बन सकता है। विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए नवाचारी समाधान उनके करियर को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने नवाचार, स्थानीय समस्याओं की पहचान और उनके समाधान से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यवस्थित रूप से तैयार कर सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिले में इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, तकनीकी क्षमता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर नए और प्रभावी विचार सामने आ सकें।

शाला मोहारा शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन



गुरूर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा में वीबी जीरामजी योजना अंतर्गत बालिका शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू ने किया। अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर डॉ हरिकृष्ट गंजीर, सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, अध्यक्ष शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहारा मनोज बंजारे, अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा छबिलाल धनकर, अध्यक्ष प्राथमिक शाला मोहारा मनहरण साहू, सभापति ग्राम पंचायत मोहारा दुबेराम धनकर, सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू व सरंपच ग्राम पंचायत मोहारा चन्द्रहास नेताम, उपसरपंच ग्राम पंचायत मोहारा दिनेश्वर , सचिव जीतेन्द्र कुमार साहू, रोजगहार सहायक ज्ञानप्रकाश साहू, पंच ईश्वरी साहू, लक्ष्मी ठाकुर, कुसुम निशाद, ललिता निशाद, श्यामा बाई साहू, डिलेश्वर हिरवानी, निर्मल सिन्हा, ढालूराम सिन्हा, देवधर धनकर, टेकसिंह सार्वा, ललिता सार्वा, आशो बाई यादव, नूतन हिरवानी, देवला साहू, विजयालक्ष्मी बंजारे व ग्रामीण उपस्थित थे।

मंगचुवा आंगनबाड़ी में मनाया आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



डौंडीलोहारा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगचुवा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा समाज की सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही पोषणयुक्त आहार के महत्व की जानकारी देते हुए नियमित रूप से संतुलित भोजन लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर भाजपा मंडल रेंगाडबरी अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र, महामंत्री पूनमचंद जैन, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह गोरे, उपसरपंच रोहित कुमार धलेंद्र, रामेश्वर कुमार भुआर्य, आशा राम कोलयारे सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और आंगनबाड़ी केंद्रों को सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र बनाने पर जोर दिया गया।

घोटिया में निकली सामाजिक सद्भावना कलश यात्रा सर्व समाज ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया



ग्राम पंचायत घोटिया में सर्व समाज के सहयोग से सामाजिक सद्भावना कलश यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य गांव में आपसी एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता और सद्भावना को मजबूत करना रहा। कलश यात्रा में विभिन्न समाजों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे गांव में उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

सर्व समाज को एकजुटता का संदेशः कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने सभी समाजों के बीच प्रेम, सहयोग और भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव का विकास और सामाजिक मजबूती तभी संभव है, जब सभी समाज मिल-जुलकर आगे बढ़ें और आपसी मतभेदों को दूर रखें। आयोजन में विभिन्न समाजों की महिलाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। महिलाओं ने एक साथ कलश यात्रा में शामिल होकर सामाजिक एकता और समरसता की मिसाल पेश की। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भी एकता, सहयोग और भाईचारे का संदेश देते हैं।

- महिलाओं की सहभागिता रही विशेष आकर्षण

पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण हुए शामिलः कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मंडले, ग्राम पंचायत घोटिया की सरपंच ममता मंडावी, उपसरपंच भोज कुमार साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर डॉ. हेमंत साहू, पंच कौशलेंद्र साहू, गीता बाई, सरस्वती कुमेटी, लता यादव, कांति बाई, संत्रीबाई, उर्मिला बाई, रंजना कुमेटी, मुकुंद राम साहू, मितेंद्र वैष्णव, सचिन साहू, सलेश वैद्य, सचिव हेमलाल देशलहरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

लाटाबोड़ सेवा सहकारी समिति में किसानों की ई-केवाईसी प्रक्रिया शुरू



बालोद। सेवा सहकारी समिति मर्यादित लाटाबोड़ अंतर्गत ग्राम लाटाबोड़, अरौद, देवी नवागांव एवं नेवारीकला के सभी किसान सदस्यों के लिए ई–केवाईसी प्रक्रिया शुरू की गई है। यह प्रक्रिया पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना के तहत की जा रही है।

समिति प्रबंधन ने किसानों से ई–केवाईसी कराने के लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर वाला मोबाइल फोन तथा ऋण पुस्तिका साथ लेकर समिति कार्यालय पहुंचने की अपील की है। समिति प्रबंधक भूपेश देशमुख सहित समिति के कर्मचारी टिकेंद्र साहू, हरीश साहू, गिरवर कुमार बघेल, ताम्रजध्वज साहू एवं निखिल कुमार यादव ने बताया कि समिति के सदस्यों के लिए ई–केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करना आवश्यक है। ई–केवाईसी पूर्ण नहीं होने की स्थिति में भविष्य में समिति से संबंधित कुछ लेन–देन अथवा सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। समिति की ओर से किसानों से बिना विलंब समिति कार्यालय पहुंचकर अपनी ई–केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने का आग्रह किया गया है। वहीं कृषक संदीप कुमार साहू, माधोदास साहू, फूलसिंग, नोहर, निर्मल कर, नपेश कुमार, गमन लाल साहू, हरीश, तुलेश्वर ठाकुर एवं प्रवीण कुमार सहित अन्य किसानों ने भी क्षेत्र के सभी किसान सदस्यों से समय पर ई–केवाईसी कराने की अपील की है।

किसानों की मांगों को लेकर लोजपा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



किसानों की जनहित मांगो को लेकर बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तोमन लाल साहू के नेतृत्व मे दर्जनो किसानों ने कलेक्टर से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दो को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

- नहर में पानी और स्थायी तहसीलदार की मांग

ज्ञापन मे बताया कि गुरेदा, डंगनिया मध्य नाली नहर से धर्मी मे लगभग बीस एकड़ और गुरेदा मे तीन सौ एकड़ जमीन सिंचित होती है, चुकि गुरेदा गांव के समीप डायवर्सन पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके चलते धर्मी और गुरेदा के किसानो को कृषि कार्य के लिए पानी नही मिल पा रहा है, जिससे फसल सुखने की संभावना बनी हुई है। यहां के किसान हर साल शासन को पानी भरना भी पटाया जाता है। उसके बावजूद भी किसान को वर्तमान फसल के लिए पानी की काफी किल्लत उठानी पड़ रही है।

प्रदेश अध्यक्ष तोमन साहू ने कलेक्टर को बताया कि अर्जुन्दा तहसील मे स्थाई प्रभार तहसीलदार की व्यवस्था हो। इसी प्रकार मौजूदा समय मे गांव व नगर के चौक चौराहे पर मवेशी बैठे रहते है, जिससे आमजन को काफी परेशानी हो रही है साथ ही दुर्घटना की संभावना बनी रहती है उन्होने मांग की है कि मवेशी को गौठान मे संगठित कर गौ संरक्षित किया जा सके। इस दौरान पुर्व विधान सभा प्रत्याशी व प्रदेश अध्यक्ष तोमन लाल साहू, पुरन साहू, ओंकार साहू, शिवकुमार देवांगन, प्रभु देवांगन, रामकुमार कोसरे, चुन्नीलाल देवांगन, एवेंद्र कुम्भकार किसान उपस्थित थे।

चिकित्सा शिविर में कैंसर सहित विभिन्न रोगों की जांच, 113 महिलाओं की हुई स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। जिसमें मुख्य रूप से व यो वृ द्ध स्क्रीनिंग, गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग, मुख कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर सहित अन्य बीमारियों की समुचित जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया।

- वृद्धजनों को 108 संजीवनी से लाकर जांच के बाद सुरक्षित घर पहुंचाया

भारत शासन द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके के निर्देशन में व डॉ. शुभम चन्द्राकर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर के कुशल नेतृत्व में शिविर में वृद्धजनों की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समस्त पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों द्वारा हितग्राहियों को 108 संजीवनी वाहन के माध्यम से शिविर स्थल तक लाया गया तथा जांच एवं परामर्श उपरांत पुनः उनके ग्राम तक सुरक्षित पहुंचाया गया।

उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में डॉ. लक्ष्मीनारायण वर्मा, नेत्ररोग विशेषज्ञ तथा डॉ निरंजन बहेरा कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ का विशेष सहयोग रहा। इस मेगा शिविर में कुल 268 मरीजों का ओ.पी.डी. पंजीयन किया गया। जिसमें स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 113 महिलाओं की जांच, 30 लोगों की टी.बी. स्क्रीनिंग एवं पंजीयन, 05 गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. जांच, 01 हितग्राही को परिवार नियोजन परामर्श तथा 40 लोगों की हीमोग्लोबिन जांच की गई। शिविर में मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थायी समिति संध्या अजेंद्र साहू, जनपद सदस्य गुरूर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, नारायण टेके सभापति स्वास्थ्य विभाग नगर पंचायत गुरूर, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरूर आनंद शर्मा सहित पूर्व जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बीपीएम योगेश साहू, बीईटीओ केआर. उर्वशा, जेडी. गंधर्व, भरतद्वाज गंगवंशी, डॉ. दुष्यंत निर्मलकर, चिकित्सा अधिकारी आयुष डॉ. हुमा फरहीन एवं समस्त स्वास्थ्य अमले कायोगदान रहा।

पौष्टिक व्यंजनों की लगाई गई प्रदर्शनी

अचौद में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत अचौद के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों एवं माताओं को पोषण और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुणेश्वरी साहू ने बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और परिवारों को पोषण, स्वास्थ्य एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर गोदभराई का कार्यक्रम भी किया गया साथ ही स्वस्थ माताओं व बच्चों का सम्मान भी किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत अचौद के युवा सरपंच आकाश कुमार चन्द्राकर, पूर्व सरपंच अनुसूइया चन्द्राकर, सचिव शैलेन्द्र कुमार, ताम्रज निर्मल, स्वास्थ्य विभाग सीएचओ उर्वशी सोनकर व संतोष साहू उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने आंगनबाड़ी एवं मितानिनों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया।

- गोदभराई व स्वस्थ माताओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुणेश्वरी, लक्ष्मी साहू, शारदा चन्द्राकर, सहायिका खोमिन साहू, मेम साहू, डामिन ठाकुर, मितानिन प्रेरक शिवकुमारी साहू,उत्तरा देवी चन्द्राकर, शकुन यादव, लेखमणी साहू, संहित गर्भवती, शिशुवती माताओं व ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता रही। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच आकाश चन्द्राकर ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को खिलौना भेंट किया।

